# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com

पत्रांक 1089 / कार्य-09 / 85 दिनांक 12/5/2026

**सेवा मे,**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "गंगनी में जल जीवन मिशन अधूराः आधे ग्रामीणों तक ही पहुँचा पानी, बाकी परेशान" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"गंगनी में जल जीवन मिशन अधूराः आधे ग्रामीणों तक ही पहुँचा पानी, बाकी परेशान"** के संबंध में अवगत कराना है कि उक्त योजना का निर्माण जल जीवन मिशन कार्य{म के अन्तर्गत किया जा रहा है। वर्तमान में योजनान्तर्गत 175KL/20M प्रस्तावित उच्च जलाशय का निर्माण कार्य अपूर्ण है, प्रस्तावित पम्प हाउस 01 नग, बाउन्ड्रीवॉल, टयूब बैल, सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं प्रस्तावित 380 नग गृहसंयोजन भी करा दिये गये है वर्तमान में पेयजल योजना से सीधे नलकूप से क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति ग्रामवासियों को की जा रही है। योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण करने हेतु कार्यदायी एजेंसी मै0 जी0वी0पी0आर0 को निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है।**

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**(सजन कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner